मेले में किसानों को मिलेगी नवीनतम कृषि तकनीक व नवाचारों की जानकारी

- एसकेआरएयू में तीन दिवसीय किसान मेला आज से प्रारम्भ
- मेले का उद्घाटन कृषि मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा करेंगे, किसानों के साथ संवाद

ए-स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में किसान मेले की कुलपति अरूण कुमार ने जानकारी दी।

बीकानेर, (कासं)। किसानों को खेती की आधुनिकतम तकनीक, प्रौद्योगिकी और नवाचारों से जोड़ने, खेती से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की जानकारी देने के लिए मंगलवार को स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में किसान मेला प्रारंभ होगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अरूण कुमार ने बताया कि प्रसार शिक्षा निदेशालय तथा कृषि विभाग (आत्मा) बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस मेले में बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझनूं, जैसलमेर के किसान शामिल होंगे। मेले की थीम सुनियोजित खेती- संपन्न किसान रखी गई है। इसका उद्देश्य किसानों को सुनियोजित तरीके से लाभकारी कृषि करने के लिए प्रेरित करना है।

मेले का उद्घाटन कृषि मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा करेंगे। मेले के दौरान किसानों के साथ संवाद तथा गोष्ठियां आयोजित की जायेगी। सेम, लवणीय भूमि जैसी समस्याओं के निराकरण के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा मौके पर ही किसानों को उपाय बताए जायेंगे। फसल, बागवानी, पशुपालन की आधुनिकतम तकनीक और अन्य जानकारी भी किसानों के साथ साझा की जायेगी। कृषि विकास से जुड़ी विभिन्न प्रदर्शनी आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहेंगी। वहीं मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, बूंद- बूंद सिंचाई, उन्नत कृषि यंत्रों, राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी, खाद, बीज, मोटा अनाज का उत्पादन और प्रदर्शन भी किया जायेगा। विश्वविद्यालय की अनुसंधान इकाई द्वारा किसानों को कृषि अनुसंधान केन्द्र बीकानेर का भ्रमण करवा वहां हो रहे अनुसंधानों से अवगत करवाया जायेगा।

मेले के पहले दिन फल सब्जी, दूसरे दिन पुष्प और तीसरे दिन पशुधन प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। दूसरे दिन 26 मार्च को आयोजित होने वाली पुष्प प्रदर्शनी प्रतियोगिता में आमजन अपने घरों में उगाये गए विभिन्न प्रकार के पुष्पों का प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। बाजार आधारित व्यंजन और परिरक्षित खाद्य पदार्थ तथा कशीदाकारी के तहत महिला वर्ग के लिए विशेष प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पारितोषिक वितरण कर सम्मानित किया जायेगा। कुलपति प्रो अरूण कुमार ने बताया कि मेले के दौरान किसानों की सुविधा के लिए बीज विक्रय काउंटर उपलब्ध करवाया जायेगा। जहां विभिन्न फसलों की उन्नत नस्लों के बीज विक्रय के लिए उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए समस्त तैयारियां पूरी कर ली गई है।

प्रबंधन समिति की बैठक : राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र (एनआरसीसी) बीकानेर में आज संस्थान प्रबन्धन समिति (आईएमसी) बैठक आयोजित की गई। केन्द्र के निदेशक डॉ. समर कुमार घोरूई की अध्यक्षता में हाईब्रिड मोड में आयोजित इस बैठक में राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों गुजरात, हरियाणा, दिल्ली आदि से इस समिति से जुड़े सदस्यों ने सहभागिता निभाई।

केन्द्र निदेशक व बैठक अध्यक्ष डॉ. समर कुमार घोरूई ने कहा कि आईएमसी बैठक के माध्यम से संस्थान के बेहतर प्रबंधन को लेकर महत्वपूर्ण मदों पर समिति के अनुभवी सदस्य गणों के साथ निर्धारित बैठक आयोजित कर चर्चा की जाती है तथा प्राप्त महत्वपूर्ण सुझावों पर अपेक्षित कार्रवाई की जाती है। अखिल ठुकराल, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं समिति सदस्य सचिव ने केन्द्र द्वारा निष्पादित कार्यों एवं आगामी वित्त वर्ष में होने वाले कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए केन्द्र द्वारा अर्जित की गई उपलब्धियों, विकास कार्यों आदि के बारे में अवगत करवाया।

उन्होंने बैठक में कार्यसूची (एजेंडा आइटम) को क्रमवार प्रस्तुत किया साथ ही सम्मिलित सभी मदों पर सदस्य गणों द्वारा वांछित जानकारी को उपलब्ध करवाया। ठुकराल ने प्राप्त सुझावों को नोट करते हुए इस बैठक का संचालन भी किया। बैठक में केन्द्र के आशीष पित्ती, वित्त एवं लेखाधिकारी ने एनआरसीसी के वित्तीय कार्यकलापों की जानकारी देते आय-व्यय संबंधी लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। बैठक में उपस्थित डॉ. आर.के. धुडिया, अधिष्ठाता पीजीएस, राजुवास, बीकानेर, निदेशक, पशुपालन विभाग, राजस्थान तथा गुजरात, डॉ. सुमित अरोड़ा, प्रधान वैज्ञानिक, एनडीआरआई करनाल, डॉ. आर. ए. लेघा प्रभागाध्यक्ष, सीएसडब्लयूआरआई, बीकानेर, डॉ. रेखा शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक, एनबीएजीआर, करनाल, संगीता मित्तल ने सुझाव दिए।

वित्त एवं लेखा अधिकारी, आईएआरआई, नई दिल्ली ने विभिन्न मदों को लेकर चर्चा करते हुए निष्पादित कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

चिकित्सक शिक्षकों का प्रशिक्षण शिविर

बीकानेर,(कासं)। नेशनल मेडिकल कमीशन के निर्देशानुसार तथा सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉक्टर गुंजन सोनी के मार्गदर्शन में बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन के चतुर्थ प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मेडिकल कॉलेज सभागार में 24 मार्च से प्रारम्भ हुआ तथा यह शिविर 26 तक चलेगा।

इस प्रशिक्षण शिविर में 30 चिकित्सकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस हेतु एन. एम. सी. के कन्वेयर तथा प्राचार्य महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज जयपुर से डॉक्टर एन. डी. सोनी ने निरीक्षण किया। इस शिविर के दौरान डॉक्टर रेणु सेठिया, डॉक्टर तरूणा स्वामी, डॉक्टर शैलेंद्र सहारण, डॉक्टर ओमप्रकाश, डॉक्टर विनोद छींपा, डॉक्टर बाबूलाल मीणा,डॉ. गौरव शर्मा तथा डॉक्टर सुमिता तंवर ने एम.बी.बी.एस. विद्यार्थियों को किस तरह पढ़ाया जाए व पढ़ाने व परीक्षण के बारे में नई तकनीकों व एन.एम.सी. के दिशा निर्देशों का विस्तृत प्रशिक्षण दिया। साथ ही लेक्चर कैसे देना है एवं नई तकनीक से पढ़ाने के तौर-तरीकों पर भी चर्चा हो रही है।

चिकित्सा शिक्षा एक सतत प्रक्रिया है व एक चिकित्सक स्वयं भी जिंदगी भर सीखता है व नई तकनीकें उपयोग में लाता है। अत: समय-समय पर प्रशिक्षण की आवश्यकता रहती है। इस दौरान प्राचार्य डॉक्टर सोनी ने कहा की भविष्य में भी अन्य सभी डॉक्टर को प्रशिक्षित किया जायेगा ताकि चिकित्सकीय स्तर में नियमित वृद्धि हो पाये। कॉलेज चिकित्सा शिक्षा में नए आयाम स्थापित करें।

सार-समाचार

काव्य गोष्ठी में रचनाओं के रंग बिखेरे

होली स्नेह मिलन समारोह में त्रिभाषा काव्य गोष्ठी में कविता पाठ करते राजाराम स्वर्णकार।

बीकानेर, (कासं)। अखिल भारतीय साहित्य परिषद महानगर इकाई, बीकानेर द्वारा आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह में त्रिभाषा काव्य गोष्ठी में शहर के रचनाकारों ने एक से बढ़कर एक रचनाओं का वाचन कर कार्यक्रम में शब्दरूपी रंग बिखरे। कार्यक्रम के शुभारंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती एवं गिरिजाशंकर पाठक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए व्यंग्यकार, सम्पादक डॉ. अजय जोशी ने कहा कि रचनाकारों के पास शब्दों का विस्तृत भंडार है। सभी रसों में भावप्रवण कविताएं, गीत और गजलें प्रस्तुत हुई जिससे कार्यक्रम की सार्थकता बनी। मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवयित्री मधुरिमा सिंह ने शहीदों को नमन करते हुए अपने भाव रखे। डॉ कृष्णा आचार्य ने चक्का तू चलाता है, राजाराम स्वर्णकार ने अपना गीत 'शब्दों की पूजा करता हूं..' सुनाकर तालियां बटोरी। बाबू बमचकरी ने संचालन करते हुए सभी को अपनी कविताओं से गुदगुदाया। कार्यक्रम में जुगलकिशोर पुरोहित, के. के. शर्मा, सरोज शर्मा, संदीप पाठक, घनश्याम सिंह ने सबरस बहार शब्दों की वर्षा की।

राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर

राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के समापन पर डॉ. नीरज कुमार ने प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह वितरित किए।

बीकानेर, (कासं)। पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर एवं डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन सोमवार को हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. पंकज कुमार थानवी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व महत्वपूर्ण माध्यम है तथा विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। डॉ. नीरज कुमार शर्मा कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना ने सात दिनों में करवाई गई गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि शिविर के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान, विश्वविद्यालय के गोद लिए गांव में नशा मुक्ति रैली, पोस्टर प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान क्लीनिकल मनोवैज्ञानिक डॉ. खुशबू सुथार ने व्याख्यान दिया तथा विभिन्न मनोरोगों एवं मानव व्यवहार के बारे में बताया। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किये गये।

किसानों का पड़ाव, मंडी बंद रही

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के गजसिंहपुर में किसानों ने सोमवार को बड़ा आंदोलन शुरू किया। गजसिंहपुर-श्रीकरनपुर मार्ग पर हरनौली गांव के पास सैकड़ों किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों के साथ एकत्रित हुए। किसानों की बड़ी संख्या के कारण पंडाल का कई बार विस्तार करना पड़ा। किसानों की मुख्य मांगें हैं- पानी चोरी के आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और निर्दोष किसानों पर दर्ज मुकदमों की वापसी। किसान सभा में वक्ताओं ने सरकार और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पानी चोर खुले में घूम रहे हैं, जबकि केसरीसिंहपुर पुलिस बेगुनाह किसानों को प्रताड़ित कर रही है। प्रशासन की ओर से पड़ाव स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। रायसिंहनगर एडिशनल एसपी भंवरलाल, डीवाईएसपी संजीव चौहान, तहसीलदार सपना सोनी, एक्सईएन कुलदीप मीणा और एसडीएम पदमपुर मौजूद रहे। दोपहर बाद नहरी विभाग और पुलिस अधिकारियों के साथ किसान नेताओं की बातचीत विफल रही। किसानों ने शाम के बाद बड़ा निर्णय लेने की चेतावनी दी है। आंदोलन के समर्थन में गजसिंहपुर की मंडी पूरी तरह बंद रही। हालांकि आपात सेवाएं और शिक्षण संस्थाएं चालू रही।

नशीले कैप्सूल सहित गिरफ्तार

हनुमानगढ़, (कासं)। पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एसपी के निर्देश पर चल रहे जीरो टोलरेंस अभियान के तहत बशीर चौकी पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 253 प्रिगाबलिन कैप्सूल बरामद हुए हैं। बशीर चौकी प्रभारी रणबीर सिंह की टीम ने गश्त के दौरान यह कार्रवाई की। पुलिस ने पीरकामडिया के वार्ड नंबर 13, ढाणी चक 19 एनजीसी निवासी विशाल और अरूण को पकड़ा है। दोनों के पास से 253 प्रिगाबलिन कैप्सूल मिले हैं। आरोपियों की बाइक भी जब्त की गई है। मामले में बीएनएस एक्ट 2023 की धारा 223(बी) के तहत केस दर्ज किया गया है।

पिस्टलनुमा गैस लाइटर दिखाकर की थी 8 लाख की लूट

- नौ लाख 83 हजार रूपए में से पुलिस ने आठ लाख सात हजार रूपए बरामद किए

बीकानेर, (कासं)। यहां 8 लाख रूपए की लूट केवल गैस चूल्हा जलाने के लाइटर के दम पर की गई थी। ये लाइटर पिस्टलनुमा था। इस कारण पीड़ित भी डर के कारण इसे असली समझ बैठा। पुलिस ने आठ लाख की लूट में काम ली गई बाइक और इस लाइटर को भी बरामद कर लिया है।

मुक्ता प्रसाद नगर थानाधिकारी धीरेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि मामले में रामपुरा बस्ती निवासी सिमरान कायमखानी और समीर कायमखानी को गिरफ्तार किया गया था। दोनों से लूट की रकम आठ लाख सात हजार रूपए बरामद कर लिए गए है। ये रकम परिवादी मोहम्मद साजिद अपने बकाया ऋण को जमा कराने के लिए परिचितों से एकत्र करके लाया था। थानाधिकारी ने बताया कि दोनों के पास से एक पिस्टलनुमा लाइटर बरामद किया गया है। इसे दिखाकर ही लूट की वारदात की गई थी। ये पिस्टल सामान्य लाइटर है, जिससे गैस का चूल्हा जलाया जाता है। वारदात के दौरान डर के कारण पीड़ित भी इसे गौर से देख नहीं पाया।

पीड़ित ने पुलिस को बताया था कि मकान का लोन चुकाने के लिए घर पर नौ लाख तिरासी हजार रूपए अपने जानकारों से लेकर आया था। इसी दौरान गुलफाम निवासी रामपुरा बस्ती बीकानेर का फोन आया। उसने कहा कि उसके बैंक में जानकार है, जिनके माध्यम से आपके बैंक के लोन में छूट हो जायेगी। गुलफाम ने ही सिमरान व समीर को भेजकर कहा था कि उनके साथ मुझे बैंक जाना है। कुछ देर बाद एक बाइक पर घर सिमरान व समीर आये। उन्होंने पूछा रूपया तैयार है। इसके बाद रूपयों से भरा थैला उठाया तो समीर ने देसी कट्टा दिखाकर धमकाया। रूपयों का थैला छीन लिया। धमकी दी कि यदि उनका पीछा किया तो वो गोली मार देंगे। इसके बाद समीर और सिमरान मेरे घर से नौ लाख तिरासी हजार रूपए छीनकर अपनी बाइक पर भाग गए।

नौ लाख 83 हजार रूपए में से पुलिस ने आठ लाख सात हजार रूपए बरामद किए हैं। 20 मार्च की इस घटना के अगले दिन ही पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया था लेकिन बरामदगी बाद में हुई। इस मामले में गुलफाम की तलाश अभी चल रही है। इन दोनों को गुलफाम ने क्यों भेजा। उसकी मिलीभगत जांच का विषय है।

सड़क हादसे में मृतक 6 युवकों को दी श्रद्धांजलि

नोखा, (कासं)। देशनोक में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में मारे गए 6 युवकों को रविवार शाम को श्रद्धांजलि देने के लिए नोखा के पब्लिक पार्क में सर्व समाज की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

नोखा विधायक सुशीला डूडी ने सैन समाज के इन युवाओं की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। श्रद्धांजलि सभा में पप्पूराम, मूलचंद, गुल्लू, द्वारका प्रसाद और श्यामसुंदर को याद किया गया। सभा में मृतकों के परिवारों को सरकारी सहायता और नौकरी की मांग की गई। स्थानीय सर्व समाज ने पीड़ित परिवारों की मदद के लिए सहायता राशि एकत्रित करने का निर्णय लिया। समाज ने सभी परिवारों के पालन-पोषण में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। पीड़ित परिवारों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिलने की इच्छा जताई है। मुख्यमंत्री का 26 को बीकानेर दौरा प्रस्तावित है।

बीकानेर में दोपहर का तापमान 3 डिग्री अधिक

- एक-दो दिन में पारा चालीस डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है
- एक और पश्चिमी विक्षोभ का इंतजार

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर में तापमान एक बार फिर बढ़ता जा रहा है। हालांकि आने वाले दिनों में दो-तीन डिग्री सेल्सियस तापमान कम होने की उम्मीद है। मौसम विभाग की मानें तो एक हल्का पश्चिमी विक्षोभ तैयार हो रहा है, जिससे तापमान में गिरावट आने की उम्मीद की जा सकती है।

बीकानेर में वर्तमान में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा रहा है। एक-दो दिन में पारा चालीस डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। पिछले चौबीस घंटे में पारा 37.5 डिग्री सेल्सियस तक जा चुका है। वहीं रात का तापमान 22.5 डिग्री सेल्सियस हो गया। ये दोनों ही सामान्य से अधिक है। दिन में जहां सामान्य से 3.2 डिग्री तापमान अधिक है। वहीं रात का पारा सामान्य से 3.7 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। मौसम विभाग का कहना है कि राज्य में आगामी एक सप्ताह मौसम मुख्यत: शुष्क रहेगा। हालांकि एक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 25-26 मार्च को पश्चिमी राजस्थान की सीमावर्ती क्षेत्रों में अपेक्षाकृत तेज सतही हवाएं 20-30 किलामीटर प्रति घंटा चलने तथा आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। आगामी 48 घंटों के दौरान तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होने पश्चात उत्तरी हवाओं के प्रभाव से 2-3 डिग्री गिरावट होने की संभावना है। फिलहाल एक मजबूत पश्चिम विक्षोभ का अब इंतजार है ताकि बारिश गर्मी से राहत दिला सके।

बिंदोरा निकाल की गौर माता की पूजा

- गवर और ईसर की प्रतिमाओं को सजाकर घर-घर जाकर बिंदोरा निकाल रही है

नोखा, (कासं)। नोखा कस्बे में होली के बाद गणगौर को लेकर रौनक छा गई है। गणगौर विसर्जन के समय के नजदीक आने के साथ गौर पूजन की गतिविधियां तेज हो गई है।

नव विवाहिताएं सुबह-शाम घरों में गणगौर के पारंपरिक गीत गा रही हैं। बिंदोरा निकालने की परंपरा का पालन किया जा रहा है। नव विवाहिताओं के साथ-साथ युवतियों में भी गणगौर पूजन के प्रति खास उत्साह देखा जा रहा है। युवतियां सज-धजकर गवर और ईश्वर की प्रतिमाओं को सजाकर घर-घर जाकर बिंदोरा निकाल रही हैं। वे पारंपरिक गीत जैसे खेलन दो गणगौर.., भंवर म्हानै पूजन दो गणगौर.. और गवर ऐ गणगौर माता खोल ऐ किवाड़ी, बाहर उबी थान पूजन वाली.. गाकर गणगौर माता को रिझा रही हैं। वार्ड 29 के संतोषी चौक स्थित राठी निवास पर विशेष आयोजन हुआ। इसमें मोनिका राठी, अंजली चाण्डक, अंकिता राठी, जयश्री राठी, ऐश्वर्या चाण्डक, राधिका राठी, शिवानी चाण्डक, प्रिया झंवर, राधिका चाण्डक, निशा जोशी, लक्ष्मी जोशी, आरती छिम्पा, कोमल छिम्पा, रानू चाण्डक, वैभवी समेत मोहल्ले की कई बालिकाएं और महिलाएं शामिल हुई।

सी.आर.चौधरी आज आयेंगे

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री सी. आर. चौधरी मंगलवार को बीकानेर आयेंगे। प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार चौधरी मंगलवार सुबह 9 बजे नागौर से रवाना होकर सुबह 11 बजे बीकानेर पहुंचेंगे। यहां मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर किसान सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेंगे।

रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे। अगले दिन बुधवार सुबह सवा आठ बजे सर्किट हाउस से रवाना होकर साढ़े आठ बजे स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में किसान सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ हिस्सा लेंगे।

शाम साढ़े चार बजे बीकानेर से सड़क मार्ग से रवाना होकर रात साढ़े दस बजे उनके जयपुर पहुंचने का कार्यक्रम है।

पौंग बांध में पानी कम, 10 मई तक सिंचाई पानी की उम्मीद कम

- पौंग बांध में सिर्फ 1298 फीट पानी है, जबकि बीते सालों में न्यूनतम स्तर 1301 फीट से कम नहीं रहा है

श्रीगंगानगर, (कासं)। गंगनहर में 1 से 20 अप्रैल तक नहरबंदी प्रस्तावित है। इसी दौरान आईजीएनपी व भाखड़ा नहरों में भी नहरबंदी रहेगी, लेकिन नहरबंदी का समय बीतने के बाद भी इस बार 10 मई तक नहरों में सिंचाई के लिए पानी मिलने की संभावना कम है। कारण कि पौंग बांध में सिर्फ 1298 फीट पानी है। जबकि आम तौर पर बीते वर्षों में इस बांध में पानी का न्यूनतम स्तर 1301 से कम नहीं रहा।

पानी की स्थिति को देखते हुए बीकानेर कैनाल में प्रदेश के पानी का हिस्सा 21 से 30 अप्रैल तक 500 व 1 से 10 मई तक 550 क्यूसेक ही तय किया गया है। पंजाब में पौंग बांध में पानी का भराव 1298 फीट ही शेष रहा है। जबकि बीते वर्षों में न्यूनतम पानी का भराव 1301 फीट तक रहा है। वर्तमान में पौंग बांध 7,000 क्यूसेक पानी की निकासी है। हरिके बैराज से इस पानी का पंजाब व राजस्थान की नहरों को वितरण किया जा रहा है। 21 से 30 अप्रैल तक राजस्थान के पानी का हिस्सा 3,500 क्यूसेक ही है जो भाखड़ा, आईजीएनपी व बीकानेर कैनाल में प्रवाहित किया जा रहा है।

बांध में पानी की स्थिति को देखते हुए अब जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को भी नहरों में पानी के प्रवाह को लेकर चिंता सता रही है। बीकानेर कैनाल के जरिए राजस्थान बॉर्डर पर गंगनहर को 1210 क्यूसेक पानी मिल रहा है। इसे वरीयताक्रम के अनुसार नहरों में प्रवाहित किया जा रहा है। गंगनहर रेगुलेशन खंड के अधिकारियों ने बताया कि 25 अप्रैल के बाद वरीयताक्रम की नहरों में पानी प्रवाहित किया जायेगा। जो नहरें वरीयताक्रम में नहीं हैं। उनमें पेयजल भंडारण के लिए पानी दिया जायेगा।

पशुपालन विभाग में 30 से ज्यादा कर्मचारियों के निलंबन का विरोध

- संयुक्त कर्मचारी महासंघ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर विरोध जताया

पशुपालन विभाग में कर्मचारियों के निलंबन के विरोध में संयुक्त कर्मचारी महासंघ ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा।

बीकानेर, (कासं)। पशुपालन विभाग के निर्दोष कर्मचारियों के विरूद्ध की जा रही दमनात्मक कार्यवाही के खिलाफ सोमवार को अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रांतीय आव्हान पर बीकानेर में जिला अध्यक्ष पृथ्वीराज लेघा के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को ज्ञापन भिजवाया गया।

जिला अध्यक्ष पृथ्वीराज लेघा ने बताया कि विगत कुछ माह से पशुपालन विभाग के कर्मचारियों पर लगातार दमनात्मक कार्यवाही करते हुए 30 से ज्यादा कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया। पशुपालन कर्मचारी संघ द्वारा सक्षम स्तर पर विरोध दर्ज करवाने के बावजूद अभी तक निलंबित कर्मचारियों को बहाल नहीं किया गया। पशुपालन विभाग के शासन सचिव द्वारा मनमाने तरीके से कर्मचारियों के विरूद्ध की जा रही दमनात्मक कार्यवाही के विरोध में कर्मचारी महासंघ द्वारा चरणबद्ध तरीके से आंदोलनात्मक गतिविधियां प्रारंभ की गई है। पशुपालन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बलवीर तर्ड व जिला मंत्री हेतराम सिद्ध ने बताया कि प्रदेश के कर्मचारी इतिहास में पहली बार किसी विभाग में इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों के विरूद्ध इस प्रकार निलंबन जैसी दमनात्मक कार्यवाही की गई है।

प्रदेश के लाखों कर्मचारी खुद के मोबाइल एवं खुद के पैसे से नेट रिचार्ज करते हुए शासन एवं सरकार का कार्य पूरी तल्लीनता से कर रहे हैं। यहां तक की विगत 1 वर्ष में अधिकांश कर्मचारी /अधिकारी राजकीय अवकाश के दिन भी कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद भी इस विभाग के एक उच्च अधिकारी द्वारा कर्मचारियों-अधिकारियों को कामचोर बताया।

महिला सुरक्षा के लिए कालिका पेट्रोलिंग टीम सक्रिय

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले में इस यूनिट में 20 महिला कांस्टेबल और 5 हैड कांस्टेबल तैनात किए गए हैं।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुधा पालावत ने बताया कि पुलिस थाना महिला की थानाधिकारी सुमन जयपाल को इसका प्रभारी बनाया गया है। कुल 5 यूनिट्स का गठन किया गया है। ये यूनिट्स श्रीगंगानगर, सूरतगढ़, रायसिंहनगर और अनूपगढ़ में दो पारियों में काम कर रही हैं।

कालिका पेट्रोलिंग यूनिट स्कूल, कॉलेज, बाजार, धार्मिक स्थल, मॉल, पार्क और बसों जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में गश्त करती है। यूनिट छेड़छाड़, चेन स्नैचिंग और अन्य अपराधों को रोकने का काम करती है। किसी भी शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की जाती है। एएसपी ने बताया कि यूनिट महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी दे रही है। पीड़ित महिलाओं की मदद के लिए वॉट्सएप नंबर 87648-75809 और गरिमा हेल्पलाइन 1090 जारी किए गए हैं।

एएसपी सुधा पालावत ने बताया की अब तक 4700 से अधिक महिलाओं और बच्चियों को जागरूक किया जा चुका है। स्कूल-कॉलेजों के आसपास आवारागर्दी और तेज गति से वाहन चलाने वालों के खिलाफ 95 चालान काटे गए हैं। 34 निरोधात्मक कार्रवाई और एक मामला दर्ज किया गया है। महिला कांस्टेबल सादे कपड़ों में स्कूल-कॉलेज की बसों में यात्रा कर डिकॉय ऑपरेशन भी चला रही हैं।

कालिका यूनिट और एंटी रोमियो टीम महिलाओं की सुरक्षा के लिए लगातार काम कर रही है। कालिका में पदस्थापित प्रियंका मीणा के अनुसार शिकायत मिलते ही टीम मौके पर पहुंचती है। पीड़िता से बातचीत के बाद आसपास के थाना क्षेत्र को सूचित किया जाता है। एंटी रोमियो टीम की सदस्य निर्मला बताती हैं कि वे कालिका यूनिट के साथ बसों में डिकॉय ऑपरेशन करती हैं।

आम सूचना

मैं मुन्नी पत्नि महबूब अली जाति मूसलमान निवासी बीकानेर की रहने वाली हूँ मेरे पति की मृत्यु दिनांक 02.06.23 को हो गई। मेरे पति के नाम एक बोलेरो केम्पर गाड़ी संख्या आर.जे.07 जीडी-7949का महेन्द्रा फाईनेंस कम्पनी से ऋण लिया हुआ था। इस गाड़ी को मैं अपने नाम करवा रही हूँ इसमें किसी को कोई आपत्ति हो तो 7दिन के अन्दर कम्पनी कार्यालय में आपत्ति दर्ज करवाऐं।

मुन्नी पत्नि महबूब अली